airGurukul

Preparing Bharat, Empowering Futures

NEET UG 2026 Question Paper

21 June 2026, Shift 1 · with Answer Key

180 questions | 720 marks | 180 minutes | +4 / −1

Hindi + English

Attempt this paper online – free

Real exam timer, instant score, all-India rank and detailed solutions in Hindi & English.

Scan · airgurukul.com/test-series

Call +91-7042559948 · www.airgurukul.com

Telegram Channel
t.me/airgurukulofficial

WhatsApp Channel
whatsapp.com/channel/0029VbBP7n00VycAFq6AGJ0l

YouTube Channel
youtube.com/@airGurukulSSCExams

Android App
play.google.com/...?id=in.airgurukul

Instructions

1. Total 180 questions (Physics 45, Chemistry 45, Biology 90).
2. Each correct answer carries 4 marks; 1 mark is deducted for each wrong answer.
3. Answer key is given at the end. Detailed solutions: scan the QR code on the last page.

Section 1: Physics (Q1–45)

Q1. **A particle of mass M moves along a horizontal x axis from x=0 to x = L. The coefficient of kinetic friction varies as a function of x as $\mu_k(x) = \mu_0 - \alpha x$, where μ_0, α are constants of appropriate dimensions, so that $\mu_k(L) = 0$. The total work done by the frictional force during the motion is $n\mu_0 MgL$, where g is the acceleration due to gravity. The value of n is :**

द्रव्यमान M का एक कण क्षैतिज x-अक्ष के अनुदिश x=0 से x = L तक गति करता है। गतिज घर्षण गुणांक x के फलन के रूप में $\mu_k(x) = \mu_0 - \alpha x$ के अनुसार परिवर्तित होता है, जहाँ μ_0, α उपयुक्त विमाओं वाले नियतांक हैं, जिससे $\mu_k(L) = 0$ है। गति के दौरान घर्षण बल द्वारा किया गया कुल कार्य $n\mu_0 MgL$ है, जहाँ g गुरुत्वीय त्वरण है। n का मान है :

(A) 3
(B) 1
(C) $\frac{1}{3}$
(D) $\frac{1}{2}$


Q2. **The mean free path of molecules in an ideal gas A is half that of another ideal gas B. The diameter of the spherical molecules of gas A is twice the diameter of the molecules of B. If number densities of the gases A and B are n_A and n_B, respectively, then the correct option is :**

एक आदर्श गैस A के अणुओं का माध्य मुक्त पथ दूसरी आदर्श गैस B के माध्य मुक्त पथ का आधा है। गैस A के गोलीय अणुओं का व्यास, B के अणुओं के व्यास का दोगुना है। यदि गैसों A और B के संख्या घनत्व क्रमशः n_A और n_B हैं, तो सही विकल्प है :

(A) $n_A = n_B$
(B) $n_A = 2n_B$
(C) $n_A = \frac{1}{4}n_B$
(D) $n_A = \frac{1}{2}n_B$

airGurukul

Q3. **Two identical inductors are connected in two different configurations P and Q, where a time varying current I(t) I flowing, as shown in the figure. The induced emf between points a and b for configuration P is E_P and that for configuration Q is E_Q. The ratio E_P / E_Q is :**
[Neglect the effect of mutual inductance.]



दो सर्वसम प्रेरकों को दो भिन्न विन्यासों P और Q में जोड़ा गया है, जिनमें चित्रानुसार समय के साथ परिवर्ती धारा I(t) प्रवाहित हो रही है। विन्यास P के लिए बिंदुओं a और b के बीच प्रेरित वि.वा.बल (emf) E_P है तथा विन्यास Q के लिए E_Q है। अनुपात E_P / E_Q है :
[अन्योन्य प्रेरकत्व के प्रभाव की उपेक्षा कीजिए।]

(A) 1/4
(B) 1/2
(C) 1
(D) 2

Q4. **For sound waves, if the number of nodes for the 5^{th} harmonic of an open-ended pipe is n and that for the 9^{th} harmonic of the same pipe with one of its ends closed is m, the ratio $\frac{n}{m}$ is :**

ध्वनि तरंगों के लिए, यदि दोनों सिरों से खुले पाइप के 5^{th} (पाँचवें) संनादी के लिए निस्पंदों (nodes) की संख्या n है तथा उसी पाइप का एक सिरा बंद करने पर 9^{th} (नौवें) संनादी के लिए निस्पंदों की संख्या m है, तो अनुपात $\frac{n}{m}$ है :

(A) $\frac{5}{9}$
(B) $\frac{9}{5}$
(C) 1
(D) $\frac{3}{5}$

Q5. **Consider a long solenoid of length l and radius r. If n is the number of turns per unit length and μ_0 is the permeability of free space, the inductance of the solenoid is :**

लंबाई l और त्रिज्या r की एक लंबी परिनालिका पर विचार कीजिए। यदि n प्रति एकांक लंबाई फेरों की संख्या है तथा μ_0 मुक्त आकाश की चुम्बकशीलता है, तो परिनालिका का प्रेरकत्व है :

(A) $\mu_0 \pi n^2 r^2 l$
(B) $\mu_0 n^2 r^2 l$
(C) $(\mu_0 / 2\pi) n^2 r^2 l$
(D) $2\mu_0 \pi n^2 r^2 l$

Q6. **Consider a particle moving along a straight line, whose position as a function of time is given by $s(t) = \alpha t^2 - \beta t + \gamma$, where $\alpha = 1\ \text{m s}^{-2}$, $\beta = 6\ \text{m s}^{-1}$ and $\gamma = 5$ m. The average speed of the particle, in m s^{-1}, from t = 0 to t = 6 s is :**

एक सरल रेखा के अनुदिश गतिमान कण पर विचार कीजिए, जिसकी स्थिति समय के फलन के रूप में $s(t) = \alpha t^2 - \beta t + \gamma$ द्वारा दी जाती है, जहाँ $\alpha = 1\ \text{m s}^{-2}$, $\beta = 6\ \text{m s}^{-1}$ तथा $\gamma = 5$ m है। t = 0 से t = 6 s तक कण की औसत चाल, m s^{-1} में, है :

(A) 12
(B) 6
(C) 3
(D) 0

Q7. **Consider the following nuclear reaction :**

$^{238}\text{U} \rightarrow {}^{234}\text{Th} + {}^{4}\text{He}$

Take masses of ^{238}U, ^{234}Th and ^{4}He as 238.050 u, 234.043 u and 4.003 u, respectively. The Q value for the reaction, in keV, is :

[Given : 1 u = 931.5 MeV c^{-2}]

निम्नलिखित नाभिकीय अभिक्रिया पर विचार कीजिए :

$^{238}\text{U} \rightarrow {}^{234}\text{Th} + {}^{4}\text{He}$


^{238}U, ^{234}Th तथा ^{4}He के द्रव्यमान क्रमशः 238.050 u, 234.043 u तथा 4.003 u लीजिए। अभिक्रिया का Q मान, keV में, है :


[दिया है : 1 u = 931.5 MeV c^{-2}]


(A) 3726
(B) 3730
(C) 3736
(D) 3740


Q8. **A beam of light falls on a metal surface such that photo-electrons are generated. If power of the light source starts to decrease linearly with time t, then variation of the photocurrent I and magnitude of the stopping potential |V| with time is best represented by :**

प्रकाश का एक पुंज किसी धातु सतह पर इस प्रकार पड़ता है कि प्रकाश-इलेक्ट्रॉन उत्पन्न होते हैं। यदि प्रकाश स्रोत की शक्ति समय t के साथ रैखिक रूप से घटने लगे, तो समय के साथ प्रकाश-विद्युत धारा I तथा निरोधी विभव के परिमाण |V| में परिवर्तन को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करने वाला ग्राफ है :


(A)


(B)


(C)


(D)



Q9. **Three identical capacitors P, Q and S, each of the capacitance C, are connected to a battery of voltage V, as shown in the figure. If the energy stored in the capacitor P and total energy stored in the system are U_P and U_T, respectively, then the ratio $\frac{U_P}{U_T}$ is :**



तीन सर्वसम संधारित्र P, Q और S, प्रत्येक की धारिता C, चित्रानुसार वोल्टता V की बैटरी से जुड़े हैं। यदि संधारित्र P में संचित ऊर्जा तथा निकाय में संचित कुल ऊर्जा क्रमशः U_P और U_T हैं, तो अनुपात $\frac{U_P}{U_T}$ है :

(A) 2/3
(B) 1/3
(C) 1/2
(D) 1/6


Q10. **Water flows in a streamline motion through a horizontal pipe of circular cross-section as shown in the figure. The pressure difference of water between P and Q is 15 $\mathrm{N\ m^{-2}}$. The area of cross-section at P and Q are 40 $\mathrm{cm^2}$ and 20 $\mathrm{cm^2}$, respectively. The rate of flow of water through the pipe, in $\mathrm{cm^3 s^{-1}}$, is :**
[Take density of water = 1000 kg $\mathrm{m^{-3}}$]



जल, चित्रानुसार वृत्तीय अनुप्रस्थ-काट वाले एक क्षैतिज पाइप में धारारेखी गति से प्रवाहित होता है। P और Q के बीच जल का दाबांतर 15 $\mathrm{N\ m^{-2}}$ है। P और Q पर अनुप्रस्थ-काट का क्षेत्रफल क्रमशः 40 $\mathrm{cm^2}$ और 20 $\mathrm{cm^2}$ है। पाइप से जल के प्रवाह की दर, $\mathrm{cm^3 s^{-1}}$ में, है :
[जल का घनत्व = 1000 kg $\mathrm{m^{-3}}$ लीजिए]

(A) 100
(B) 200
(C) 300
(D) 400

Q11. **A current I_0 flows through a metallic circular loop of radius r as shown in the figure. Resistance of the segment ABC is half that of ADC. Magnitude of magnetic field at the centre O of the loop is :**



चित्रानुसार त्रिज्या r के एक धात्विक वृत्ताकार लूप से धारा I_0 प्रवाहित होती है। खंड ABC का प्रतिरोध, ADC के प्रतिरोध का आधा है। लूप के केंद्र O पर चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण है :

(A) $\frac{\mu_0 I_0}{12r}$

(B) $\frac{\mu_0 I_0}{4r}$


(C) $\frac{\mu_0 I_0}{2r}$

(D) $\frac{\mu_0 I_0}{2\pi r}$


Q12. **In the measurement of viscosity of liquids using terminal velocity experiment, spherical balls of same radius but having different densities are used. The variation of the terminal velocity (v) with the ratio of density of spherical ball (σ) to density of the liquid (ρ), is best represented by :**

सीमांत वेग प्रयोग द्वारा द्रवों की श्यानता के मापन में, समान त्रिज्या परंतु भिन्न घनत्व वाली गोलीय गेंदें प्रयुक्त की जाती हैं। गोलीय गेंद के घनत्व (σ) और द्रव के घनत्व (ρ) के अनुपात के साथ सीमांत वेग (v) के परिवर्तन को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करने वाला ग्राफ है :


(A)




(B)



(C)



(D)



Q13. **Two planets P_1 and P_2 with equal mass have radii R_1 and R_2, respectively, where $R_2 = \frac{R_1}{2}$. The escape speeds of P_1 and P_2 are v_1 and v_2, respectively. Then $\frac{v_2}{v_1}$ is :**

समान द्रव्यमान वाले दो ग्रहों P_1 और P_2 की त्रिज्याएँ क्रमशः R_1 और R_2 हैं, जहाँ $R_2 = \frac{R_1}{2}$ है। P_1 और P_2 की पलायन चालें क्रमशः v_1 और v_2 हैं। तब $\frac{v_2}{v_1}$ है :

(A) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

(B) 1

(C) $\sqrt{2}$

(D) 2

Q14. **In a solar system, the time-period of revolution of a planet tracing a circular orbit of radius R is proportional to :**

किसी सौर-मंडल में, त्रिज्या R की वृत्तीय कक्षा में परिक्रमा करने वाले ग्रह का परिक्रमण-काल किसके अनुक्रमानुपाती है :

(A) $R^{1/2}$

(B) $R^{3/2}$

(C) R^2

(D) R^3

Q15. **Two infinitely long parallel conducting wires A and B carry currents I and 2I, respectively, in the same direction. The wire A has uniform mass per unit length λ and lies on an insulated floor. The wire B is kept fixed at a height h above the floor. The minimum magnitude of h so that the wire A does not rise from the floor is :**
[g is the acceleration due to gravity and μ_0 is the permeability of free space]

दो अनंत लंबे समांतर चालक तार A और B में क्रमशः धाराएँ I और 2I एक ही दिशा में प्रवाहित हैं। तार A का एकसमान प्रति एकांक लंबाई द्रव्यमान λ है और यह एक विद्युतरोधी फर्श पर रखा है। तार B को फर्श से ऊँचाई h पर स्थिर रखा गया है। h का वह न्यूनतम परिमाण, जिससे तार A फर्श से ऊपर न उठे, है :
[g गुरुत्वीय त्वरण तथा μ_0 मुक्त आकाश की चुम्बकशीलता है]


(A) $\frac{\mu_0 I^2}{2\pi\lambda g}$

(B) $\frac{\mu_0 I^2}{\pi\lambda g}$

(C) $\frac{2\mu_0 I^2}{\pi\lambda g}$

(D) $\frac{4\mu_0 I^2}{\pi\lambda g}$

Q16. **An ideal Zener diode with breakdown voltage of −3V is reverse biased with a negative input voltage V_i = −5V. The magnitude of voltage difference between points B and A is :**



−3V भंजन वोल्टता (breakdown voltage) वाला एक आदर्श ज़ेनर डायोड ऋणात्मक निवेशी वोल्टता V_i = −5V से पश्च-अभिनत (reverse biased) है। बिंदुओं B और A के बीच वोल्टता-अंतर का परिमाण है :

(A) 3 V
(B) 2 V
(C) 1 V
(D) 0 V

Q17. **In an adiabatic expansion, the temperature of one mole of an ideal monatomic gas (γ=5/3) decreases from 60 K to 50 K. The work done by the gas in the process is :**
(Take the universal gas constant as R = 8.3 J $\text{mol}^{-1}\text{K}^{-1}$)

एक रुद्धोष्म प्रसार में, एक आदर्श एकपरमाणुक गैस (γ=5/3) के एक मोल का ताप 60 K से घटकर 50 K हो जाता है। इस प्रक्रम में गैस द्वारा किया गया कार्य है :
(सार्वत्रिक गैस नियतांक R = 8.3 J $\text{mol}^{-1}\text{K}^{-1}$ लीजिए)

(A) 41.5 J
(B) 83 J
(C) 124.5 J
(D) 166 J

Q18. **A ray of light with wavelength λ is incident on three different photo-electric cells namely 1, 2 and 3. The threshold wavelengths of these photo-electric cells are λ_1, λ_2 and λ_3, respectively and the magnitude of stopping potentials of these cells are V_1, V_2 and V_3, respectively. The relation between λ and threshold wavelengths are $\lambda_1 < \lambda$, $\lambda_2 > \lambda$ and $\lambda_3 >> \lambda$. The correct option is :**

तरंगदैर्ध्य λ की एक प्रकाश किरण तीन भिन्न प्रकाश-विद्युत सेलों 1, 2 और 3 पर आपतित होती है। इन सेलों की देहली तरंगदैर्ध्य क्रमशः λ_1, λ_2 और λ_3 हैं तथा इनके निरोधी विभवों के परिमाण क्रमशः V_1, V_2 और V_3 हैं। λ और देहली तरंगदैर्ध्यों के बीच संबंध $\lambda_1 < \lambda$, $\lambda_2 > \lambda$ और $\lambda_3 >> \lambda$ हैं। सही विकल्प है :

(A) $V_1 = 0$, $V_2 < V_3$
(B) $V_1 = 0$, $V_2 > V_3$
(C) $V_1 > V_2$, $V_3 = 0$
(D) $V_1 < V_2$, $V_3 = 0$

Q19. **A photon and an electron, each of 20 eV energy, move in free space. The ratio of linear momentum of electron p_e to that of photon p_{Ph}, $\frac{p_e}{p_{Ph}}$ is :**

(Take speed of light = 3×10^8 m s^{-1}, charge of electron = -1.6×10^{-19} C and mass of electron = 9×10^{-31} kg)

एक फोटॉन और एक इलेक्ट्रॉन, प्रत्येक की ऊर्जा 20 eV, मुक्त आकाश में गति करते हैं। इलेक्ट्रॉन के रैखिक संवेग p_e तथा फोटॉन के रैखिक संवेग p_{Ph} का अनुपात $\frac{p_e}{p_{Ph}}$ है :

(प्रकाश की चाल = 3×10^8 m s^{-1}, इलेक्ट्रॉन का आवेश = -1.6×10^{-19} C तथा इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान = 9×10^{-31} kg लीजिए)

(A) $\frac{2}{450}$

(B) $\frac{1}{250}$

(C) 225

(D) 275

Q20. **Which of the following measurements require 'index correction'?**

निम्नलिखित में से किस मापन में 'सूचकांक संशोधन' (index correction) की आवश्यकता होती है?

(A) Measurement of resistance of a wire using meter bridge / मीटर सेतु द्वारा किसी तार के प्रतिरोध का मापन


(B) Measurement of gravitational acceleration using simple pendulum / सरल लोलक द्वारा गुरुत्वीय त्वरण का मापन

(C) Measurement of focal length of lenses using optical bench / प्रकाशीय बेंच द्वारा लेंसों की फोकस दूरी का मापन

(D) Measurement of speed of sound using resonance tube / अनुनाद नलिका द्वारा ध्वनि की चाल का मापन

Q21. **A unit positive point charge is taken slowly through an infinitesimally thin tube that is inside a charged dielectric sphere of radius R, having uniform positive charge density ρ, as shown in the figure. The initial and final positions of the charge are marked by A and B at distances 2R and 3R respectively, from the centre of the sphere. In this process, the magnitude of the total work done on the point charge is $\frac{\rho R^2}{n\epsilon_0}$.**

The value of n is :
(ϵ_0 is the permittivity of vacuum)




एक एकांक धनात्मक बिंदु आवेश को, चित्रानुसार एकसमान धनात्मक आवेश घनत्व ρ वाले त्रिज्या R के आवेशित परावैद्युत गोले के अंदर स्थित एक अतिसूक्ष्म पतली नलिका से होकर धीरे-धीरे ले जाया जाता है। आवेश की प्रारंभिक तथा अंतिम स्थितियाँ A और B से चिह्नित हैं, जो गोले के केंद्र से क्रमशः 2R और 3R दूरी पर हैं। इस प्रक्रम में बिंदु आवेश पर किए गए कुल कार्य का परिमाण $\frac{\rho R^2}{n\epsilon_0}$ है।

n का मान है :
(ϵ_0 निर्वात की विद्युतशीलता है)

(A) 2
(B) 6
(C) 9
(D) 18


Q22. **Consider three media P, Q and R with refractive indices 1, 1.25, and 1.5, respectively. The medium Q having a thickness of 5 cm is placed between extended media P and R as shown in the figure. An object O is placed at the centre of medium Q. If viewed from medium P near the normal direction, the apparent depth of O is h_1. For similar observation from medium R, the apparent depth is h_2. The value of $|h_1 - h_2|$, in cm, is :**



अपवर्तनांक क्रमशः 1, 1.25 और 1.5 वाले तीन माध्यमों P, Q और R पर विचार कीजिए। 5 cm मोटाई वाला माध्यम Q, चित्रानुसार विस्तारित माध्यमों P और R के बीच रखा है। एक वस्तु O माध्यम Q के केंद्र पर रखी है। यदि माध्यम P से लगभग अभिलंब दिशा में देखा जाए, तो O की आभासी गहराई h_1 है। माध्यम R से इसी प्रकार देखने पर आभासी गहराई h_2 है। $|h_1 - h_2|$ का मान, cm में, है :


(A) 0
(B) 1
(C) 2
(D) 3

Q23. **A frictionless circular wire of unit radius is fixed on the horizontal plane. Two point particles of unit mass start moving simultaneously from point $A\left(\theta=\frac{\pi}{2}\right)$ with identical uniform angular speeds in opposite directions, and meet again at point $B\left(\theta=-\frac{\pi}{2}\right)$. During this time, which of the following figures schematically represent the magnitude of the total linear momentum P of the system, as a function of θ ?**




इकाई त्रिज्या का एक घर्षणरहित वृत्ताकार तार क्षैतिज तल पर स्थिर है। इकाई द्रव्यमान के दो बिंदु कण बिंदु $A\left(\theta=\frac{\pi}{2}\right)$ से एक साथ समान एकसमान कोणीय चालों से विपरीत दिशाओं में गति प्रारंभ करते हैं और बिंदु $B\left(\theta=-\frac{\pi}{2}\right)$ पर पुनः मिलते हैं। इस अवधि में, निम्नलिखित में से कौन-सा चित्र θ के फलन के रूप में निकाय के कुल रैखिक संवेग P के परिमाण को योजनाबद्ध रूप से निरूपित करता है?


A




B



C



D



Q24. **The temperature of a metallic sphere of radius R is increased by a small amount ΔT. If the linear coefficient of thermal expansion of the metal is α, the approximate increase in the volume of the sphere is :**

त्रिज्या R के एक धात्विक गोले का ताप एक अल्प मात्रा ΔT से बढ़ाया जाता है। यदि धातु का रैखिक ऊष्मीय प्रसार गुणांक α है, तो गोले के आयतन में लगभग वृद्धि है :

A $2\pi R^3\alpha\Delta T$

B $3\pi R^3\alpha\Delta T$

C $4\pi R^3\alpha\Delta T$

D $6\pi R^3\alpha\Delta T$

Q25. **A cylindrical cork of uniform density floats in a liquid of density ρ_1. If the cork is depressed slightly and released, it oscillates harmonically with time period T. If the same cork floats in another liquid of density ρ_2, then the similar oscillation has time period 2T. The value of ρ_2 / ρ_1 is :**

एकसमान घनत्व वाला एक बेलनाकार कॉर्क घनत्व ρ_1 के द्रव में तैरता है। यदि कॉर्क को थोड़ा दबाकर छोड़ दिया जाए, तो यह आवर्तकाल T से सरल आवर्त दोलन करता है। यदि वही कॉर्क घनत्व ρ_2 के दूसरे द्रव में तैरे, तो इसी प्रकार के दोलन का आवर्तकाल 2T है। ρ_2 / ρ_1 का मान है :


(A) 4
(B) 2
(C) 1/2
(D) 1/4

Q26. **One main scale division of a Vernier calliper is equal to 1 mm and the number of divisions on the Vernier scale is 10. When both the jaws touch each other, the Vernier scale shifts to the left of zero of the main scale in such a way that 4^{th} Vernier division coincides with a division of the main scale. If this Vernier calliper measures the length of a wire to be 1 cm, the actual length of the wire is :**

एक वर्नियर कैलिपर्स का एक मुख्य स्केल भाग 1 mm के बराबर है तथा वर्नियर स्केल पर भागों की संख्या 10 है। जब दोनों जबड़े एक-दूसरे को स्पर्श करते हैं, तो वर्नियर स्केल मुख्य स्केल के शून्य के बाईं ओर इस प्रकार खिसक जाता है कि वर्नियर का 4^{th} (चौथा) भाग मुख्य स्केल के किसी भाग से संपाती होता है। यदि यह वर्नियर कैलिपर्स किसी तार की लंबाई 1 cm मापता है, तो तार की वास्तविक लंबाई है :

(A) 0.60 cm
(B) 0.96 cm
(C) 1.00 cm
(D) 1.04 cm

Q27. **A solid sphere A of radius R and mass M is attached at a point to a smaller solid sphere B of radius r < R and mass m < M. Assume that the line joining their centres lies along the horizontal. The moment of inertia of the system calculated about a vertical axis passing through the centre of A is I_A and that calculated about a vertical axis passing through the centre of B is I_B. The difference $I_A - I_B$ is :**



त्रिज्या R और द्रव्यमान M का एक ठोस गोला A, त्रिज्या r < R और द्रव्यमान m < M के एक छोटे ठोस गोले B से एक बिंदु पर जुड़ा है। मान लीजिए कि इनके केंद्रों को मिलाने वाली रेखा क्षैतिज है। A के केंद्र से गुजरने वाली ऊर्ध्वाधर अक्ष के परितः निकाय का जड़त्व आघूर्ण I_A है तथा B के केंद्र से गुजरने वाली ऊर्ध्वाधर अक्ष के परितः I_B है। अंतर $I_A - I_B$ है :

(A) $(M-m)(R+r)^2$
(B) $(m-M)(R+r)^2$
(C) $(m-M)(R-r)^2$
(D) 0

Q28. **Consider a spring mass simple harmonic oscillator in one dimension. The mass of the particle is m kg and the spring constant is k $\mathrm{N\ m^{-1}}$. At a given instant, the extension of the spring is x meter and the speed of the particle is v $\mathrm{m\ s^{-1}}$. On the x-v plane, if the graph of v as a function of x is a circle, then the correct option is :**

एक-विमीय स्प्रिंग-द्रव्यमान सरल आवर्ती दोलित्र पर विचार कीजिए। कण का द्रव्यमान m kg तथा स्प्रिंग नियतांक k $\mathrm{N\ m^{-1}}$ है। किसी क्षण स्प्रिंग का विस्तार x मीटर तथा कण की चाल v $\mathrm{m\ s^{-1}}$ है। x-v तल पर, यदि x के फलन के रूप में v का ग्राफ एक वृत्त है, तो सही विकल्प है :


(A) $k = \frac{1}{m}$

(B) $k = m$

(C) $k = m^2$

(D) $k = \sqrt{m}$

Q29. **The lens combination as shown in the figure, consists of two lenses, L_1 and L_2, of the focal lengths +10 cm and −10 cm, respectively. The position of the image formed is :**



चित्र में दर्शाए गए लेंस संयोजन में फोकस दूरियों क्रमशः +10 cm तथा −10 cm वाले दो लेंस L_1 और L_2 हैं। बने प्रतिबिंब की स्थिति है :

(A) 20 cm to the left of the concave lens / अवतल लेंस के 20 cm बाईं ओर

(B) 60 cm to the left of the concave lens / अवतल लेंस के 60 cm बाईं ओर

(C) 30 cm to the right of the concave lens / अवतल लेंस के 30 cm दाईं ओर

(D) 60 cm to the right of the concave lens / अवतल लेंस के 60 cm दाईं ओर

Q30. **An ac voltage $V = 220\sin(2 \times 10^3 t)$ Volt is applied to a series LCR circuit. Then the current amplitude in this circuit is :**
(Given : L = 10 mH, C = 25μF, R = 100 Ω)

एक श्रेणी LCR परिपथ पर प्रत्यावर्ती वोल्टता $V = 220\sin(2 \times 10^3 t)$ वोल्ट लगाई जाती है। तब इस परिपथ में धारा का आयाम है : (दिया है : L = 10 mH, C = 25μF, R = 100 Ω)


(A) 2.2 A

(B) 5.5 A

(C) 11.0 A

(D) 22.0 A

Q31. **A thin horizontal disc is rotating about a vertical axis passing through its fixed centre O. Its angular momentum is L_A and L_B computed about points A and B, respectively, with OB = 2 × OA. The value of $\frac{L_A}{L_B}$ is :**





एक पतली क्षैतिज चकती अपने स्थिर केंद्र O से गुजरने वाली ऊर्ध्वाधर अक्ष के परितः घूर्णन कर रही है। बिंदुओं A और B के परितः परिकलित इसका कोणीय संवेग क्रमशः L_A और L_B है, जहाँ OB = 2 × OA है। $\frac{L_A}{L_B}$ का मान है :


(A) $\frac{1}{4}$
(B) $\frac{1}{2}$
(C) 1
(D) 2


Q32. **A conducting loop of finite resistance lies on the x-y plane. There is a constant magnetic field in the z direction. The area of the loop varies with time t, as $A = A_0(1 + \sin t)$ in appropriate units. The figure that correctly indicates the qualitative behaviour of the power P dissipated in the loop as a function of time is :**

परिमित प्रतिरोध का एक चालक लूप x-y तल में स्थित है। z दिशा में एक नियत चुम्बकीय क्षेत्र है। लूप का क्षेत्रफल समय t के साथ उपयुक्त इकाइयों में $A = A_0(1 + \sin t)$ के अनुसार बदलता है। लूप में क्षयित शक्ति P के समय के फलन के रूप में गुणात्मक व्यवहार को सही रूप से दर्शाने वाला चित्र है :


(A)


(B)


(C)


(D)


Q33. **A point charge Q is placed inside a cavity within a solid isolated conducting sphere. Consider points A, B and C as shown in the figure, where the magnitudes of the electric fields are E_A, E_B and E_C, respectively. The points B and C are at the same distance from the center of the solid sphere. The correct option is :**



एक ठोस विलगित चालक गोले के भीतर एक कोटर (cavity) में बिंदु आवेश Q रखा है। चित्र में दर्शाए बिंदुओं A, B और C पर विचार कीजिए, जहाँ विद्युत क्षेत्रों के परिमाण क्रमशः E_A, E_B और E_C हैं। बिंदु B और C ठोस गोले के केंद्र से समान दूरी पर हैं। सही विकल्प है :

(A) $E_A = 0, E_B = E_C$
(B) $E_A \neq 0, E_B = E_C$
(C) $E_A = 0, E_B > E_C$
(D) $E_A \neq 0, E_B < E_C$

Q34. **Consider a fixed uniformly charged insulating sphere with radius R and total charge +Q. A point charge −q (q<<Q) with mass m is released from rest at a distance of 3R from the centre of the charged sphere. when the point charge reaches the surface of the sphere, its speed is :**
(ϵ_0 is the permittivity of vacuum, neglect gravitational forces).


त्रिज्या R तथा कुल आवेश +Q वाले एक स्थिर, एकसमान आवेशित विद्युतरोधी गोले पर विचार कीजिए। द्रव्यमान m वाले एक बिंदु आवेश −q (q<<Q) को आवेशित गोले के केंद्र से 3R दूरी पर विराम से छोड़ा जाता है। जब बिंदु आवेश गोले के पृष्ठ पर पहुँचता है, तो उसकी चाल है :
(ϵ_0 निर्वात की विद्युतशीलता है, गुरुत्वीय बलों की उपेक्षा कीजिए)।

(A) $\sqrt{\frac{3Qq}{4\pi\epsilon_0 mR}}$
(B) $\sqrt{\frac{2Qq}{3\pi\epsilon_0 mR}}$
(C) $\sqrt{\frac{Qq}{3\pi\epsilon_0 mR}}$
(D) $\sqrt{\frac{Qq}{4\pi\epsilon_0 mR}}$


Q35. **In Geiger-Marsden experiment, the number of scattered α-particles $N(\theta)$ is plotted as a function of scattering angle θ. Which of the following options represents the correct plot ?**

गाइगर-मार्सडन प्रयोग में, प्रकीर्णित α-कणों की संख्या $N(\theta)$ को प्रकीर्णन कोण θ के फलन के रूप में आलेखित किया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही आलेख को निरूपित करता है?


A




B




C



D



Q36. **Consider two circuits, (A) and (B), each having two resistors. One of them has a positive temperature coefficient of resistance, +α, while the other one has a negative temperature of coefficient, – α, as shown in the figure. The current through these circuits are denoted by I_A and I_B. At initial temperature, the resistance of the two resistors is R_0. As the temperature is increased, the correct option that describes the variation of current in these circuits is :**



दो परिपथों (A) और (B) पर विचार कीजिए, जिनमें प्रत्येक में दो प्रतिरोधक हैं। चित्रानुसार इनमें से एक का प्रतिरोध ताप गुणांक धनात्मक, +α, है जबकि दूसरे का ताप गुणांक ऋणात्मक, – α, है। इन परिपथों से प्रवाहित धाराएँ I_A और I_B से दर्शाई गई हैं। प्रारंभिक ताप पर दोनों प्रतिरोधकों का प्रतिरोध R_0 है। ताप बढ़ाने पर, इन परिपथों में धारा के परिवर्तन को सही रूप से बताने वाला विकल्प है :

A I_A remains constant while I_B increases / I_A नियत रहती है जबकि I_B बढ़ती है

B I_A decreases while I_B increases / I_A घटती है जबकि I_B बढ़ती है

C I_A increases while I_B decreases / I_A बढ़ती है जबकि I_B घटती है

D both I_A and I_B remain constant / I_A और I_B दोनों नियत रहती हैं

Q37. **Consider that σ_S, k_B, b represent Stefan-Boltzmann constant, Boltzmann constant and Wien's displacement law constant, respectively. The dimension of $\sigma_S k_B^{-1} b$ is :**

मान लीजिए σ_S, k_B, b क्रमशः स्टीफन-बोल्ट्ज़मान नियतांक, बोल्ट्ज़मान नियतांक तथा वीन के विस्थापन नियम का नियतांक निरूपित करते हैं। $\sigma_S k_B^{-1} b$ की विमा है :

(A) $[L^{-1}T^{-1}K^{-2}]$
(B) $[L^{-1}K^{-2}]$
(C) $[L^{-1}T^{-1}K^{-3}]$
(D) $[L^{-1}T^{-1}K^{-4}]$

Q38. **An electromagnetic wave travelling in a lossless dielectric medium having a dielectric constant ϵ_r = 9, has the electric field, $E_x = E_0 \sin(kz - 2\pi \times 10^6 t)$ V m^{-1} where E_0 is the amplitude and k is the wave vector. Among the following options, the incorrect choice is :**

परावैद्युतांक ϵ_r = 9 वाले एक हानिरहित परावैद्युत माध्यम में चलती एक विद्युत-चुम्बकीय तरंग का विद्युत क्षेत्र $E_x = E_0 \sin(kz - 2\pi \times 10^6 t)$ V m^{-1} है, जहाँ E_0 आयाम तथा k तरंग सदिश है। निम्नलिखित विकल्पों में से **गलत** विकल्प है :


(A) The speed of the electromagnetic wave inside the medium is 10^8 m s^{-1} / माध्यम के अंदर विद्युत-चुम्बकीय तरंग की चाल 10^8 m s^{-1} है

(B) The wavelength of the electromagnetic wave inside the medium is 300 m / माध्यम के अंदर विद्युत-चुम्बकीय तरंग की तरंगदैर्ध्य 300 m है

(C) The magnetic field is given by the relation $B_y = \frac{B_0}{v}\sin\left(kz - 2\pi \times 10^6 t\right)$ where v is the speed of the electromagnetic wave inside the medium / चुम्बकीय क्षेत्र संबंध $B_y = \frac{B_0}{v}\sin\left(kz - 2\pi \times 10^6 t\right)$ द्वारा दिया जाता है, जहाँ v माध्यम के अंदर विद्युत-चुम्बकीय तरंग की चाल है

(D) The direction of propagation of the electromagnetic wave is along +z / विद्युत-चुम्बकीय तरंग के संचरण की दिशा +z के अनुदिश है

Q39. **One mole of an ideal monatomic gas undergoes a cyclic process as shown in the figure. The total heat supplied to the gas is :**



एक आदर्श एकपरमाणुक गैस का एक मोल चित्रानुसार एक चक्रीय प्रक्रम से गुजरता है। गैस को दी गई कुल ऊष्मा है :

(A) 400 J
(B) 500 J
(C) 600 J
(D) 800 J

Q40. **Consider that an electron is revolving in an excited state of Hydrogen atom with velocity $\sqrt{25.6} \times 10^5$ m s^{-1}. The radius of the orbit is $x \times 10^{-9}$ m. The value of x is :**
[Take the mass of electron to be 9×10^{-31} kg, charge of electron = -1.6×10^{-19} C and $\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9$ N m^2C^{-2}]

मान लीजिए हाइड्रोजन परमाणु की एक उत्तेजित अवस्था में एक इलेक्ट्रॉन वेग $\sqrt{25.6} \times 10^5$ m s^{-1} से परिक्रमा कर रहा है। कक्षा की त्रिज्या $x \times 10^{-9}$ m है। x का मान है :
[इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान 9×10^{-31} kg, इलेक्ट्रॉन का आवेश = -1.6×10^{-19} C तथा $\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9$ N m^2C^{-2} लीजिए]


(A) 4
(B) 3
(C) 2
(D) 1

Q41. **A car travels on a circular racetrack of radius 50 m, which is banked at an angle θ. If the car travels at a speed 10 m s^{-1}, then the wear and tear on its tyres is minimum. Taking the acceleration due to gravity to be 10 m s^{-2}, the value of θ is :**

एक कार त्रिज्या 50 m के वृत्ताकार रेसट्रैक पर चलती है, जो कोण θ पर बंकित है। यदि कार 10 m s^{-1} की चाल से चलती है, तो उसके टायरों की घिसावट न्यूनतम होती है। गुरुत्वीय त्वरण 10 m s^{-2} लेते हुए, θ का मान है :

(A) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{5}\right)$
(B) $\tan^{-1}\left(\frac{2}{5}\right)$
(C) $\tan^{-1}\left(\sqrt{3}\ /\ 2\right)$
(D) $\tan^{-1}\left(2\sqrt{3}\right)$

Q42. **Three identical p-n junction diodes D_1, D_2 and D_3 are connected across a battery as shown in the figure. If the width of the depletion regions of D_1, D_2 and D_3 are W_1, W_2 and W_3, respectively, then the correct option is :**



तीन सर्वसम p-n संधि डायोड D_1, D_2 और D_3 चित्रानुसार एक बैटरी के सिरों पर जुड़े हैं। यदि D_1, D_2 और D_3 के अवक्षय क्षेत्रों की चौड़ाइयाँ क्रमशः W_1, W_2 और W_3 हैं, तो सही विकल्प है :

(A) $W_1 > W_2 > W_3$
(B) $W_3 = W_1 > W_2$
(C) $W_3 > W_2 > W_1$
(D) $W_2 > W_1 = W_3$

Q43. **The following table presents the part of the electromagnetic spectrum and their corresponding major applications.**

	Part of the electromagnetic spectrum		Applications
P	Microwave	I	For purifying the water
Q	UV rays	II	For warming the food
R	Gamma rays	III	For AM and FM communication systems
S	Radio wave	IV	For treating the Cancer cells

The correct option is :

निम्नलिखित सारणी विद्युत-चुम्बकीय स्पेक्ट्रम के भाग तथा उनके संगत प्रमुख अनुप्रयोग प्रस्तुत करती है।

	विद्युत-चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का भाग		अनुप्रयोग
P	सूक्ष्म तरंग (Microwave)	I	जल शुद्ध करने के लिए
Q	पराबैंगनी (UV) किरणें	II	भोजन गर्म करने के लिए
R	गामा किरणें	III	AM और FM संचार व्यवस्थाओं के लिए
S	रेडियो तरंग	IV	कैंसर कोशिकाओं के उपचार के लिए

सही विकल्प है :


(A) P-I, Q-II, R-III, S-IV

(B) P-I, Q-IV, R-II, S-III

(C) P-II, Q-I, R-IV, S-III

(D) P-II, Q-IV, R-III, S-I

Q44. **Bob B of mass m at rest is hanging vertically from the ceiling via a massless string of length 10 m, as shown in the figure. Point mass A of mass m travelling horizontally with speed 10 $\mathrm{m\ s^{-1}}$ hits bob B elastically. The bob B rises h meter after the collision. Taking the acceleration due to gravity g = 10 $\mathrm{m\ s^{-2}}$ and neglecting the size of the bob, the value of h is :**



द्रव्यमान m का गोलक B विराम में, चित्रानुसार 10 m लंबाई की द्रव्यमानरहित डोरी द्वारा छत से ऊर्ध्वाधर लटका है। द्रव्यमान m का बिंदु द्रव्यमान A, 10 $\mathrm{m\ s^{-1}}$ की चाल से क्षैतिज रूप से चलते हुए गोलक B से प्रत्यास्थ रूप से टकराता है। संघट्ट के बाद गोलक B, h मीटर ऊपर उठता है। गुरुत्वीय त्वरण g = 10 $\mathrm{m\ s^{-2}}$ लेते हुए तथा गोलक के आकार की उपेक्षा करते हुए, h का मान है :

(A) 8

(B) 7

(C) 5

(D) 2.5


Q45. **An ideal gas is made of polyatomic molecules. Each of the molecules has three translational, three rotational and *f* number of vibrational modes. If the ratio of heat capacities C_P / C_V of the gas is 8/7, then the value of *f* is :**

एक आदर्श गैस बहुपरमाणुक अणुओं से बनी है। प्रत्येक अणु में तीन स्थानांतरीय, तीन घूर्णी तथा *f* कंपनिक विधाएँ (vibrational modes) हैं। यदि गैस की ऊष्मा धारिताओं का अनुपात C_P / C_V = 8/7 है, तो *f* का मान है :

(A) 4
(B) 3
(C) 2
(D) 1

Section 2: Chemistry (Q46–90)

Q46. **For the following reaction sequence, choose the correct option**



निम्नलिखित अभिक्रिया अनुक्रम के लिए सही विकल्प चुनिए

(A) If (P) is the sodium salt of a carboxylic acid, (Q) is a primary alcohol. / यदि (P) किसी कार्बोक्सिलिक अम्ल का सोडियम लवण है, तो (Q) एक प्राथमिक ऐल्कोहॉल है।
(B) (P) and (Q) are aromatic compounds. / (P) और (Q) ऐरोमैटिक यौगिक हैं।
(C) If (P) gives a carboxylic acid on acidification, (Q) gives a poisonous gas on exposure to air and light. / यदि (P) अम्लीकरण पर कार्बोक्सिलिक अम्ल देता है, तो (Q) वायु और प्रकाश के संपर्क में आने पर एक विषैली गैस देता है।
(D) Both (P) and (Q) are carbonyl compounds. / (P) और (Q) दोनों कार्बोनिल यौगिक हैं।

Q47. Given below are two statements:

Statement-I : $[Fe(ox)_3]^{3-}$ is chiral.

Statement-II : *trans*-$[Cr(H_2O)_2(ox)_2]^-$ is chiral.

(Given : oxH_2 = HOOC – COOH)

In light of the above statements, choose the ***most appropriate*** answer from the options given below:

नीचे दो कथन दिए गए हैं:

कथन-I : $[Fe(ox)_3]^{3-}$ किरेल है।

कथन-II : *trans*-$[Cr(H_2O)_2(ox)_2]^-$ किरेल है।

(दिया है : oxH_2 = HOOC – COOH)

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनिए:


(A) Both Statement-I and Statement-II are correct. / कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं।

(B) Both Statement-I and Statement-II are incorrect. / कथन-I और कथन-II दोनों गलत हैं।

(C) Statement-I is correct but Statement-II is incorrect. / कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

(D) Statement-I is incorrect but Statement-II is correct. / कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

Q48. The following carbocation is stabilized by the interaction of the empty p orbital with



निम्नलिखित कार्बधनायन रिक्त p कक्षक की किसके साथ अन्योन्यक्रिया द्वारा स्थायीकृत होता है?

(A) filled σ and filled π orbitals / भरे हुए σ और भरे हुए π कक्षक

(B) empty σ and empty π* orbitals / रिक्त σ और रिक्त π* कक्षक

(C) empty σ* and filled π orbitals / रिक्त σ* और भरे हुए π कक्षक

(D) empty σ* and empty π* orbitals / रिक्त σ* और रिक्त π* कक्षक

Q49. In potash alum, the ratio of K^+ and SO_4^{2-} ions is

पोटाश ऐलम में K^+ और SO_4^{2-} आयनों का अनुपात है

(A) 1 : 2

(B) 2 : 1

(C) 2 : 3

(D) 3 : 2

Q50. The correct statement about peptides and proteins is

पेप्टाइडों और प्रोटीनों के बारे में सही कथन है

(A) Tertiary structure of proteins has two or more polypeptide subunits / प्रोटीनों की तृतीयक संरचना में दो या अधिक पॉलिपेप्टाइड उप-इकाइयाँ होती हैं

(B) Only the proteins having a quaternary structure are biologically active. / केवल चतुष्क संरचना वाले प्रोटीन ही जैविक रूप से सक्रिय होते हैं।

(C) In β-pleated sheet structures, peptide chains are held together by intermolecular hydrogen bonds. / β-प्लीटेड शीट संरचनाओं में पेप्टाइड शृंखलाएँ अंतराअणुक (intermolecular) हाइड्रोजन आबंधों द्वारा एक साथ जुड़ी रहती हैं।

(D) In α-helices, the polypeptide chain is twisted into a left-handed screw (helix) through intramolecular hydrogen bonds. / α-हेलिक्स में पॉलिपेप्टाइड शृंखला अंतःअणुक (intramolecular) हाइड्रोजन आबंधों द्वारा वामावर्ती पेंच (हेलिक्स) में मुड़ी होती है।

Q51. The numbers 17.0145 and 21.0235 were rounded to three figures after the decimal point. The resulting numbers, respectively, are

संख्याओं 17.0145 और 21.0235 को दशमलव के बाद तीन अंकों तक पूर्णांकित किया गया। प्राप्त संख्याएँ क्रमशः हैं

(A) 17.014 and 21.023 / 17.014 और 21.023

(B) 17.015 and 21.023 / 17.015 और 21.023

(C) 17.014 and 21.024 / 17.014 और 21.024

(D) 17.015 and 21.024 / 17.015 और 21.024

Q52. The correct order of solubility of the given salts in water at 298 K is

Salt	K_{sp} at 298 K
AgBr	5.0×10^{-13}
$Zn(OH)_2$	1.0×10^{-15}
Hg_2Cl_2	1.3×10^{-18}

298 K पर जल में दिए गए लवणों की विलेयता का सही क्रम है

लवण	298 K पर K_{sp}
AgBr	5.0×10^{-13}
$Zn(OH)_2$	1.0×10^{-15}
Hg_2Cl_2	1.3×10^{-18}

(A) $Hg_2Cl_2 > Zn(OH)_2 > AgBr$

(B) $AgBr > Zn(OH)_2 > Hg_2Cl_2$

(C) $Hg_2Cl_2 > AgBr > Zn(OH)_2$

(D) $Zn(OH)_2 > AgBr > Hg_2Cl_2$

Q53. Among the following options, the correct trend in the electron gain enthalpy is

निम्नलिखित विकल्पों में से इलेक्ट्रॉन लब्धि एन्थैल्पी की सही प्रवृत्ति है

(A) F > Cl > Br > I

(B) Br > Cl > F > I

(C) Cl > F > Br > I

(D) I > Br > Cl > F

Q54. **Assertion A:**
For an ideal solution formed by mixing liquids P and Q, $\Delta_{mix}H = 0$ and $\Delta_{mix}V = 0$

Reason R:
No interactions occur between P and Q
In the light of the above statements, choose the *most appropriate* answer from the options given below.

अभिकथन A:
द्रवों **P** और **Q** को मिलाकर बने आदर्श विलयन के लिए $\Delta_{mix}H = 0$ और $\Delta_{mix}V = 0$

कारण R:
P और **Q** के बीच कोई अन्योन्यक्रिया नहीं होती
उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनिए।

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A) / (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is NOT the correct explanation of (A) / (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(C) (A) is correct but (R) is not correct / (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है

(D) (A) is not correct but (R) is correct / (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है

Q55. **The amino acid that gives a red-blood colour on treating its sodium fusion extract with sodium nitroprusside is**
वह ऐमीनो अम्ल जिसका सोडियम संगलन निष्कर्ष सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड के साथ उपचारित करने पर रक्त-लाल रंग देता है, है

(A) leucine / ल्यूसीन (leucine)
(B) threonine / थ्रिओनीन (threonine)
(C) methionine / मेथिओनीन (methionine)
(D) serine / सेरीन (serine)

Q56. **The standard electrode potential (E°) for the half-cell reaction $Fe^{3+} + e^- \rightarrow Fe^{2+}$ at 298 K is (Given : $E°(Fe^{3+}/Fe) = -0.04$ V and $E°(Fe^{2+}/Fe) = -0.44$ V at 298 K)**
298 K पर अर्ध-सेल अभिक्रिया $Fe^{3+} + e^- \rightarrow Fe^{2+}$ के लिए मानक इलेक्ट्रोड विभव (E°) है
(दिया है : 298 K पर $E°(Fe^{3+}/Fe) = -0.04$ V और $E°(Fe^{2+}/Fe) = -0.44$ V)

(A) +0.40 V
(B) +0.76 V
(C) −0.48 V
(D) +0.92 V

